सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

जल है तो कल है

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-4 • 12 MAY TO 18 MAY 2023 • VOLUME 42 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863


**प्रेरणा**

जिनको अपने काम पर भरोसा होता है वो जॉब करते हैं और जिन्हें अपने आप पे भरोसा होता है वह बिज़नेस करते हैं।


Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE

INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE CONSULTING DESIGN TRAINING

ISO CERTIFIED 2015 COMPANY

✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD

Low Filing Charges & *Pay Money after the visa

•IELTS •STUDY ABROAD

CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE

E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663

REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.

*T&C apply


# दो दिन की गिरफ्तारी के बाद इमरान खान रिहा

**बोले- मुझे डंडे तक मारे गए, सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी को अवैध करार दिया**

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष इमरान खान ने आरोप लगाया कि उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर से अगवा किया गया और पुलिस ने उन्हें लाठियों से भी पीटा। भ्रष्टाचार के एक मामले में उनकी नाटकीय गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका पर सुनवाई के दौरान इमरान खान को पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था, जब देश के भ्रष्टाचार विरोधी प्रहरी ने पूर्व प्रधान मंत्री को लाने का आदेश दिया था।

70 वर्षीय खान को पेश करने का आदेश तीन सदस्यीय पीठ ने जारी किया, जिसमें पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मजहर और न्यायमूर्ति अतहर मिनल्लाह शामिल थे। सुप्रीम कोर्ट ने अल कादिर ट्रस्ट केस में इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए उन्हें फौरन रिहा करने का आदेश दिया। जिसके बाद देर शाम इमरान खान को रिहा



कर दिया गया।

इमरान खान ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मुझे हाई कोर्ट से अगवा किया गया था और लाठियों से भी पीटा गया था। यह किसी अपराधी के साथ भी नहीं किया गया है। मैं कुछ नहीं जानता, मुझे अभी भी नहीं पता कि क्या हुआ है। पीटीआई प्रमुख ने कहा कि अगर कोई मुझे गिरफ्तार करना चाहता है, तो मुझे वारंट दिया जाना चाहिए। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट ने भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी को अवैध बताया और उनकी तत्काल रिहाई का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने इमरान खान को शुक्रवार को इस्लामाबाद हाई कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिया। अदालत ने खान को अपने परिवार से मिलने की अनुमति भी दी, लेकिन सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए घर जाने की अनुमति नहीं दी। क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान को इस्लामाबाद के पुलिस लाइन गेस्ट हाउस में रखा जाएगा।

अल-कादिर ट्रस्ट मामले में उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के अध्यक्ष की याचिका पर सुनवाई करने वाली पीठ ने खान को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के परिसर से हिरासत में लेने के तरीके पर गुस्सा व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) को निर्देश दिया था कि वह खान को शाम 4:30 बजे (स्थानीय समय) तक पेश करे जब अदालत फिर से शुरू होगी।

# पंजाब पुलिस ने अमृतसर का हेरिटेज स्ट्रीट ब्लास्ट केस सुलझाया; पांच में से दो अपराधी गिरफ्तार

***पुलिस टीमों ने आरोपी व्यक्तियों के कब्जे से 1.1 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री और मोबाइल फोन बरामद किया***

**• जालंधर ब्रीज.** अमृतसर

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब, गौरव यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर शुरू किए गए असामाजिक तत्वों के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच, पंजाब पुलिस ने गुरुवार को हेरिटेज ब्लास्ट स्ट्रीट के विस्फोट मामले का पर्दाफाश किया और दो मुख्य अपराधियों सहित पाँच लोगों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि अमृतसर में स्वर्ण मंदिर के नज़दीक हेरिटेज स्ट्रीट में 6 मई से शुरू हुए तीन कम तीव्रता के विस्फोट छह दिनों के अंतराल में हुए थे। गिरफ्तार लोगों की पहचान बाबा बकाला के गाँव वडाला कलाँ के निवासी आज़ाद बीर सिंह (36), गुरदासपुर के निवासी अमरीक सिंह, गेट हाकीमा अन्गढ़ के निवासी साहेब सिंह, अमृतसर के 88 फुट रोड के निवासी धर्मेंदर और हरजीत के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से 1.1 किलोग्राम क्लोरेट्स और ब्रोमाइड्स (पटाखे बनाने के लिए इस्तेमाल की जाने



वाली सामग्री) और मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने अमृतसर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस और पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस विंग ने सावधानीपूर्वक वैज्ञानिक और तकनीकी जाँच करने के बाद मामले को सफलतापूर्वक सुलझा लिया है। उन्होंने इस मामले का पता लगाने में शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी को उनके सभी समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि गुरु रामदास सराय में गुरूवार की रात करीब 12.15 बजे हुए तीसरे विस्फोट की सीसीटीवी फुटेज की जाँच के दौरान आरोपी आज़ाद बीर सिंह को सराय के बाथरूम में जाते और उसके पीछे वाली पार्क में देसी बम फेंकते देखा गया, जिसके बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी। अमरीक को भी आरोपी आज़ाद बीर के पीछे जाते देखा गया था।

## पंजाब पुलिस ने राज्य भर में चलाया तलाशी अभियान

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब पुलिस ने सभी न्यायिक परिसरों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गुरुवार को असामाजिक तत्वों पर नज़र रखने के अलावा राज्य भर में ज़िला और सब-डिवीजऩल अदालतों के चारों ओर घेरा डालकर तलाशी अभियान (सीएएसओ) चलाया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर (डीएफएमडी), क्लोज्ड-सर्किट टेलीविजन (सीसीटीवी) कैमरे और स्थापित अन्य सुरक्षा उपकरण अच्छी तरह से काम कर रहे हैं।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव के निर्देश पर राज्य के सभी 28 पुलिस ज़िलों में एक साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक चैकिंग की गई। सीपीज़/एसएसपीज़ को व्यक्तिगत रूप से इस ऑपरेशन की निगरानी करने और जाँच करने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस दल गठित करने का निर्देश दिया गया। विशेष डीजीपी कानून-व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने कहा कि एस.पीज़ की निगरानी में पुलिस टीमों ने राज्य भर के करीब 64 न्यायालयों में चैकिंग की।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के अलावा पुलिस टीमों ने अदालत के परिसरों में घूमते पाए गए 1305 संदिग्ध लोगों की तलाशी भी ली और 2079 वाहनों की भी जाँच की। उन्होंने कहा कि इस चैकिंग को करने का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के साथ-साथ राज्य के न्यायिक परिसरों में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना है।

इस बीच, सीपीज़/एसएसपीज़ को भी असामाजिक तत्वों पर निगरानी करने के लिए ऐसे संवेदनशील स्थानों के आसपास पुलिस पेट्रोलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।

# अब नंगल में गैस लीक की घटना, स्कूल में पढ़ रहे बच्चे और शिक्षक अस्पताल में भर्ती, जांच जारी



**नंगल.** लुधियाना में 30 अप्रैल को हुई गैस रिसाव की घटना के बाद अब दूसरी ऐसी घटना सामने आई है। गैस रिसाव से नंगल के सेंट सोल्जर स्कूल के छात्र और शिक्षक प्रभावित हुए। कुछ बच्चों और शिक्षकों को उल्टी और सांस लेने की तकलीफ के चलते सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। करीब 20 छात्र गैस रिसाव से प्रभावित बताए जा रहे है। एक बच्चे की हालत ज्यादा खराब होने के चलते पीजीआई रेफर किया गया है। बता दें कि स्कूल के पास ही दो बड़ी औद्योगिक इकाइयां हैं। इनमें से किसी एक उद्योग से गैस लीक होने की आशंका है, जांच के बाद असल बात सामने आएगी।

गैस रिसाव से प्रभावित बच्चों और शिक्षकों को एंबुलेंस से सिविल अस्पताल भेज दिया गया। सूचना मिलने के तुरन्त बाद प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए और स्कूल की छुट्टी करवाकर स्थिति पर नियंत्रण पाया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं। शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस भी मौके पर पहुंच गएं। उन्होंने ने ट्वीट कर घटना की जानकारी दी।

# अनियमितताएँ और लापरवाही के चलते पीएसपीसीएल द्वारा जूनियर इंजीनियर निलंबित

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

ऊर्जा मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ के निर्देशों पर पंजाब स्टेट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पी.एस.पी.सी.एल.) ने डिस्ट्रीब्यूशन डिवीजऩ बठिंडा के अधीन तैनात सब-डिविजऩ गोन्याना के जूनियर इंजीनियर गुरविन्दर सिंह को सरकारी ड्यूटी के दौरान अनियमितताओं और लापरवाही के दोषों के अंतर्गत निलंबित कर दिया है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि यह कदम पीएसपीसीएल को वाट्सऐप के द्वारा मिली शिकायत के आधार पर उठाया गया है। ज़िक्रयोग्य है कि उक्त जूनियर इंजीनियर कथित तौर पर 11 केवी फीडर की 24 घंटे स्पलाई लाईन से ट्यूबवैल रूम के लिए घरेलू बिजली कनैक्शन लगाने के लिए रिश्वत



माँग कर रहा है। पी.एस.पी.सी.एल. के तकनीकी ऑडिट विंग ने प्राथमिक पड़ताल के दौरान पाया कि जे.ई. गुरविन्दर सिंह ने नियमों का उल्लंघन कर फाइल क्लीयर की और तीन खम्बों का प्रबंध भी किया। जांच के चलते साइट के दौरे के दौरान जे.ई. गुरविन्दर सिंह ने माना कि सम्बन्धित साइट पी.एस.पी.सी.एल. के नियमों के अनुसार घरेलू कनैक्शन के मापदण्डों को पूरा नहीं करती। बताने योग्य है कि मामले की और अधिक गहराई से जाँच की जा रही है।

# तकनीकी विकास के शिखर पर खड़ा है भारत : पीएम मोदी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और स्मारक डाक टिकट व सिक्का भी जारी किया। इस दौरान अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि आज 11 मई का ये दिन, भारत के इतिहास के सबसे गौरवमयी दिनों में से एक है। आज भारत के वैज्ञानिकों ने पोखरण में वह उपलब्धि हासिल की थी जिसने मां भारती की हर संतान का सिर गर्व ये ऊंचा कर दिया था। उन्होंने कहा कि मैं उस दिन को कभी नहीं भूल सकता जब अटल जी ने भारत के सफल परमाणु परीक्षण की घोषणा की थी। इससे भारत ने न केवल अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को साबित किया था बल्कि भारत के वैश्विक कद को भी ऊंचाई दी थी।



मोदी ने कहा कि भारत तकनीकी विकास के शिखर पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से भारत ने जिस तरह से साइंस और प्रौद्योगिकी पर जोर दिया है वह बड़े बदलावों का कारण बना है। पहले जो साइंस सिर्फ किताबों तक सीमित था वह अब प्रयोग से आगे बढ़कर पेटेंट में बदल रहे हैं। मोदी ने कहा कि भारत में 10 साल पहले 1 साल में 4 हजार पेटेंट ग्रांट होते थे लेकिन आज इनकी संख्या 30 हजार से ज्यादा हो गई है। उन्होंने कहा कि हमने जो स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरु किया, जो डिजिटल इंडिया अभियान शुरु किया।

# 6,000 रूपए रिश्वत लेते हुए पटवारी रंगे हाथों काबू

**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने के उद्देश्य से गुरुवार को राजस्व हलका राजिया, तहसील अजनाला, ज़िला अमृतसर में तैनात पटवारी काबल सिंह को 6,000 रूपए की रिश्वत माँगने और स्वीकार करने के आरोप में रंगे हाथों काबू कर लिया।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त पटवारी को गाँव धालीवाल कलेर, तहसील अजनाला के निवासी परगट सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो से संपर्क किया और आरोप लगाया है कि उक्त पटवारी अपने रिश्तेदारों से संबंधित भूमि के उत्तराधिकार में सुधार करने के लिए 6,000 रुपए की रिश्वत की माँग कर रहा है। शिकायत में आरोप की पुष्टि करने के बाद अमृतसर रेंज से विजीलैंस की एक टीम ने जाल बिछाया और आरोपी पटवारी को 6,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। दो आधिकारिक गवाहों की उपस्थिति में उसके पास से रिश्वत के 6,000 रुपए भी बरामद किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ विजीलैंस पुलिस अमृतसर में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

# दिल्ली सरकार के पास ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार, एलजी को माननी चाहिए सरकार की सलाह

**दिल्ली.** दिल्ली का असली बॉस कौन, इस मामले को लेकर गुरूवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने दिल्ली और केंद्र सरकारों के बीच सेवा विवाद के मामले में सर्वसम्मति से फैसला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण के लिए दिल्ली सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया और माना कि नौकरशाहों पर उसका नियंत्रण होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि को छोड़कर सेवाओं पर विधायी शक्ति है। फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोकतंत्र, संघीय ढांचा संविधान की मूलभूत संरचना का हिस्सा हैं। भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि न्यायाधीश अशोक भूषण के 2019 के



फैसले से सहमति नहीं है कि दिल्ली के पास सेवाओं पर कोई अधिकार नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि राज्यों के पास भी शक्ति है लेकिन राज्य की कार्यकारी शक्ति संघ के मौजूदा कानून के अधीन है। यह सुनिश्चित करना होगा कि राज्यों का शासन संघ द्वारा अपने हाथ में न ले लिया जाए।

सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सेवाओं पर नियंत्रण सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस और भूमि से संबंधित प्रविष्टियों तक नहीं होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार अन्य राज्यों की तरह प्रतिनिधि रूप का प्रतिनिधित्व करती है और संघ की शक्ति का कोई और विस्तार संवैधानिक योजना के विपरीत होगा। न्यायालय ने कहा कि निर्वाचित सरकार का प्रशासन पर नियंत्रण जरूरी है। सेवाओं को लेकर दिल्ली सरकार के पास विधायी और कार्यकारी शक्तियां हैं। सर्वोच्च न्यायालय का मानना है कि यदि प्रशासनिक सेवाओं को विधायी और कार्यकारी डोमेन से बाहर रखा जाता है, तो मंत्रियों को उन सिविल सेवकों को नियंत्रित करने से बाहर रखा जाएगा जिन्हें कार्यकारी निर्णयों को लागू करना है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि दिल्ली सरकार दिल्ली के मतदाताओं द्वारा चुनी गई है और प्रतिनिधि लोकतंत्र के आगे के उद्देश्य के लिए इसकी व्याख्या की जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सरकार के लोकतांत्रिक रूप में, प्रशासन की वास्तविक शक्ति निर्वाचित सरकार के पास होनी चाहिए। यदि लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार को अधिकारियों को नियंत्रित करने की शक्ति नहीं दी जाती है, तो जवाबदेही की तिहरी श्रृंखला का सिद्धांत बेमानी हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि अगर अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देते हैं या उनके निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो सामूहिक जिम्मेदारी का सिद्धांत प्रभावित होता है।




# एकनाथ शिंदे सरकार से खतरा टला, उद्धव ठाकरे खेमे को झटका

**मुंबई.** महाराष्ट्र में एकनाथ शिंदे सरकार पर छाए संकट के बादल छंट गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एकनाथ शिंदे समेत 16 विधायकों की अयोग्यता पर फिलहाल कोई फैसला नहीं दिया है। अदालत ने कहा कि इस मामले में अभी और विचार करने की जरूरत है। इसके साथ ही अदालत ने नेबाम रेबिया केस को विचार के लिए 7 जजों की बड़ी बेंच के समक्ष भेज दिया है, जिसको आधार मानते हुए इस मामले पर विचार हो रहा था। संवैधानिक बेंच ने कहा कि अरुणाचल का नेबाम रेबिया केस अलग था और उसके मद्देनजर इस मामले पर विचार नहीं किया जा सकता।

अदालत की एक टिप्पणी जरूर एकनाथ शिंदे



खेमे को परेशान करने वाली है। अदालत ने कहा कि विधानसभा में विश्वास मत प्रस्ताव पर वोटिंग के दौरान शिंदे खेमे के भारत गोगावाले को शिवसेना का चीफ व्हिप बनाया जाना अवैध था। कोर्ट ने गवर्नर की तरफ से फ्लोर टेस्ट कराए जाने के फैसले पर भी सवाल उठा दिया। अदालत ने कहा कि शिवसेना में विवाद आंतरिक कलह था और उसे निपटाने के लिए फ्लोर टेस्ट कराना सही नहीं था।

# पर्वत पर बसा है दुनिया का सबसे ऊंचा **शिव मंदिर** **तुंगनाथ**, मंदिर की खासियत

DHARAM YATRA

ऊत्तराखंड को देवभूमि कहा जाता है। इस जगह पर कई मंदिर हैं। वहीं रुद्रप्रयाग में दुनिया का सबसे ऊंचा शिव मंदिर भी है। यह तुंगनाथ मंदिर है, इससे जुड़े कई फैक्ट्स...



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

भारत में भगवान शिव को समर्पित कई मंदिर है। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में तुंगनाथ एक ऐसा मंदिर है, जो तुंगनाथ के राजसी पहाड़ों के बीच बसा है। ये दुनिया के सबसे ऊंचे शिव मंदिरों में से एक है। मंदिर 3680 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यह पंच केदारों में से एक है और माना जाता है कि यह लगभग 1000 साल पुराना है। इस मंदिर से जुड़े कई इंटरेस्टिंग फैक्ट्स...





### तुंगनाथ मंदिर से जुड़े इंटरेस्टिंग फैक्ट्स

मंदिर के निर्माण के बारे में कहा जाता है कि इसे पाण्डवों ने भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए स्थापित किया था।

सके अलावा यह भी मान्यता है कि माता पार्वती ने भी भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए यहीं पर तपस्या की थी। कहते हैं कि यहां बैल के रूप में भगवान शिव के हाथ दिखाई दिए थे, जिसके बाद पांडवों ने तुंगनाथ मंदिर का निर्माण करवाया था। मंदिर का नाम 'तुंग' है, जिसका मतलब हाथ और 'नाथ' भगवान शिव के प्रतीक के रूप में लिया गया है।

कहा ये भी जाता है कि रावण ने भगवान शवि को प्रसन्न करने के लिए इसी जगह पर तपस्या की थी। इसके अलावा भगवान राम ने रावण के वध के बाद खुद को ब्रह्मण हत्या के शाप से मुक्त करने के लिए उन्होंने इस जगह पर शविजी की तपस्या की थी।

### कुछ समय के लिए खुलता है मंदिर

ये मंदिर केवल कुछ महीनों के लिए ही खुलता है। यह आमतौर पर गर्मियों के महीनों के दौरान खुला होता है जब तीर्थयात्री मंदिर जाते हैं। वहीं अक्टूबर के अंत तक मंदिर के दरवाजे बंद हो जाते हैं।

### यहां कैसे पहुंचे

तुंगनाथ में कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। हालांकि इसके सबसे पास रेलवे स्टेशन ऋषिकेश में है, जो तुंगनाथ से लगभग 210 किमी दूर है। वहीं आप ऋषिकेश से गोपेश्वर होकर चोपता पहुंचे, फिर लोकल साधन लेकर आप मंदिर पहुंच सकते हैं।

FASHION+

# कॉन्सर्ट देखने पहुंची श्रद्धा कपूर का स्ट्रीट लुक तो मलाइका अरोड़ा का ग्लैमरस लुक दिखा जबरदस्त

**बैकस्ट्रीट ब्वॉयज के मुंबई में हुए लाइव कॉन्सर्ट में फिल्मी सितारों की भी भीड़ देखने को मिली। मलाइका अरोड़ा ग्लैमरस तो श्रद्धा कपूर का क्यूट स्ट्रीट लुक इंप्रेस कर रहा था।**



• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बैकस्ट्रीट बॉयज इन दिनों मुंबई है। इस म्यूजिक ग्रुप के लाइव कॉन्सर्ट दिल्ली और मुंबई में होने वाले हैं। बीती रात हुए कॉन्सर्ट में फिल्मी सितारों ने जमकर एंज्वॉय किया। इस लिस्ट में शिल्पा शेट्टी से लेकर मलाइका अरोड़ा, जैकलीन फर्नांडिज, श्रद्धा कपूर से लेकर डायना पैंटी जैसी हसीनाएं शामिल हैं। जिनके स्ट्रीट लुक ने इंप्रेस कर लिया। हमेशा की तरह मलाइका अरोड़ा का ग्लैमरस लुक देखने को मिला तो वहीं श्रद्धा कपूर के क्यूट स्ट्रीट लुक ने भी अटेंशन चुराई।

### श्रद्धा कपूर का क्यूट स्ट्रीट लुक

लाइव कॉन्सर्ट के लिए पहुंची श्रद्धा कपूर का क्यूट लुक कैमरे में कैद हुआ। जहां वो रेड बेसबॉल कैप के साथ शार्ट हेयर स्टाइल में नजर आईं। वहीं व्हाइट क्रॉप टॉप के साथ प्रिंटेड शर्ट को कमर पर बांधे श्रद्धा ने डेनिम ब्लू कॉर्गो जींस को पेयर किया था। व्हाइट शूज के साथ श्रद्धा का ये लुक आई कैची दिख रहा था।

### मलाइका अरोड़ा का एक्सपेंसिव ग्लैमरस लुक

वहीं मलाइका अरोड़ा हमेशा की तरह अपने गॉर्जियस लुक में भीड़ से हटकर दिख रही हैं। मलाइका अरोड़ा ने टाइट फिटिंग नूडल स्ट्राईप टाइट फिटिंग ड्रेस को चुना था। जिसके साथ एंकल लेंथ बूट फंकी लुक दे रहे थे। वहीं बालों को मेसी बन में बांधे मलाइका ने क्रॉस बॉडी एक्सपेंसिव बैग भी कैरी किया था। जिसमे उनका लुक शानदार दिख रहा था।

जैकलीन फर्नांडिज ने ब्राउन क्रॉप टॉप संग जींस पेयर की थी। वहीं कमर पर व्हाइट शर्ट और प्वाइंटेड व्हाइट शूज स्ट्रीट लुक को परफेक्ट बना रहे थे। वहीं लूलिया वंतूर ने मिडी ब्लैक ड्रेस के साथ गोल्डन शूज और डेनिम जैकेट कैरी किया था। स्ट्रीट लुक के लिए लूलिया का ये लुक काफी इंप्रेसिव दिख रहा था। जिसे लड़कियां जरूर फॉलो करना चाहेंगी।



# संडे को बनाएं सुपर टेस्टी **हेल्दी पालक मोमोज** के साथ

**इसे बनाने के लिए मैदे की जगह पालक की पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है। जो इस रेसिपी को और ज्यादा हेल्दी बना देता है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाए जाते हैं...**



• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

मोमोज का नाम सुनते ही अगर आपके मुंह में पानी भर जाता है लेकिन उसे बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले मैदे की वजह से आप उसे खाने से परहेज करते हैं तो ये रेसिपी जरूर ट्राई करें। जी हां, शेफ कुणाल कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर पालक पत्ता मोमोज की टेस्टी और हेल्दी रेसिपी शेयर की है। मोमोज की ये रेसिपी न सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी है बल्कि हेल्दी भी है। इसे बनाने के लिए मैदे की जगह पालक की पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है। जो इस रेसिपी को और ज्यादा हेल्दी बना देता है। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे बनाए जाते हैं पालक पत्ता मोमोज।

**मोमोज बनाने के लिए सामग्री**

- 3 बड़े चम्मच तेल
- 1 बड़ा चम्मच लहसुन
- 1 बड़ा चम्मच अदरक
- ½ कप प्याज कटा हुआ
- ½ कप गाजर बारीक कटी हुई
- 1½ कप पत्ता गोभी कटी हुई
- ½ कप मशरूप बारीक कटा हुआ
- 1 हरी मिर्च
- ½ कप पनीर
- ½ कप बीन्स
- नमक स्वादानुसार
- ½ छोटा चम्मच काली मिर्च
- ½ कप हरा प्याज
- 1 बड़ा चम्मच कॉर्न स्टार्च
- 1 बड़ा चम्मच मक्खन

**मोमो बनाने के लिए-**

- 1 गुच्छा पालक
- 1 लीटर पानी
- 1 लीटर ठंडा पानी
- थोड़ा-सा तेल

**चिली सोया डिप बनाने के लिए -**

- ¼ कप कुटी मिर्च
- 1½ बड़ा चम्मच लहसुन
- ½ कप हरा प्याज
- ¼ कप धनिया
- नमक स्वादानुसार
- 1 बड़ा चम्मच सिरका
- ¼ कप तेल
- 4 बड़े चम्मच सोया सॉस
- थोड़ा सा पानी

**पालक पत्ता मोमोज बनाने की विधि-**

मोमोज की फिलिंग बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में तेल गर्म करके उसमें अदरक-लहसुन डालकर कुछ देर भूनने के बाद पैन में सारी सब्जियां डालकर सॉते कर लें। इसके बाद पैन में सोया सॉस, सिरका और हरा प्याज डालकर मिलाएं। इसके बाद कॉर्नस्टार्च और पानी का पतला घोल तैयार करके इस फिलिंग में मिला दें। फ्लेवर के लिए आप इसमें थोड़ा सा मक्खन भी डाल दें। अब एक दूसरे पैन में पानी उबालकर उसमें पालक के पत्ते 5 सेकंड के लिए छोड़ दें। इसके बाद पत्तों को निकालकर ठंडे पानी में डाल दें। अब एक करछी में तेल लगाकर पालक के पत्ते उसमें रखते हुए उसमें फिलिंग भरें। अब इन पत्तों को मोड़कर एक तरफ रख लें। मोमोज को स्टीमर में स्टीम करने के लिए रख दें। आप डिप सॉस तैयार करने के लिए एक कटोरे में डिप सॉस की सारी सामग्री डालकर अच्छे से मिलाकर 10 मिनट के लिए छोड़ दें। आपके टेस्टी पालक पत्ता मोमोज बनकर तैयार हैं।

# सब्जी देखते ही बच्चा भागता है दूर तो इन तरीकों से खाने के लिए करें प्रेरित

PARENTING



**बच्चे अक्सर हेल्दी खाना देखते ही नाक भौं सिकोड़ने लगते हैं। बच्चों को सब्जियां और फ्रूट्स खिलाना है तो कुछ ट्रिक्स की मदद से खाने के लिए इंस्पायर करें। बच्चे जरूर खाने लगेंगे।**

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

बच्चों का सबसे ज्यादा टैंट्रम खाने के वक्त दिखता है। जैसे ही प्लेट में हेल्दी फूड्स देखते हैं तुरंत मुंह बनाकर खाने से दूर भागते हैं। ऐसे में मां के लिए सबसे बड़ा चैलेंज अपने बढ़ते बच्चे को हेल्दी और न्यूट्रिशियस खाना खिलाना है। खासतौर पर सब्जियां, जिसे बच्चे जरा भी पसंद नहीं करते। अगर आपके जिगर का टुकड़ा भी सब्जियां खाने के मामले में फसी है तो उसे इन तरीकों से वेजिटेबल के प्रति इंट्रेस्ट जगाएं। जोर-जबरदस्ती करने से बच्चा सब्जियों को खाने से और दूर भागेगा इसलिए इन ट्रिक्स को फॉलो करके देखें।

### प्रेजेंटेशन हो इंटरेस्टिंग

बच्चे को अगर हेल्दी सब्जियां खिलानी हो तो थोड़ा सा अपनी क्रिएटिविटी दिखाएं। सब्जियों को थोड़ा सा इंटरेस्टिंग तरीके से कट करके और प्लेट पर सजाकर दें। जिससे कि बच्चे खेलने के साथ इसे खाने के कोशिश करें।

### कलरफुल सब्जियां दें

प्लेट पर हमेशा कलरफुल सब्जियों को प्रेजेंट करें। कई सारी स्टडीज में पता चला है कि रेनबो वेजिटेबल्स खाना हेल्दी भी होता है और बच्चे खाने में इंटरेस्ट भी लेते हैं।

### खुद बनें उदाहरण

बच्चे अपने पैरेंट्स को देखकर ही सीखते हैं। इसलिए बच्चे को हेल्दी फूड्स खिलाने से पहले खुद खाकर दिखाएं। जिससे बच्चे उसे देखकर खाने के लिए इंस्पायर हों।

### बनें स्मार्ट

बच्चे को हेल्दी खाना खिलाने के लिए आपको हार्ड वर्क के साथ स्मार्ट वर्क करना होगा। बच्चे अगर कटी सब्जियां नहीं खाना चाहते तो उन्हें सूप, प्यूरी, स्मूदी या जूस के फॉर्म में दें। जिससे कि बच्चा कुछ तो खाए।

### बाहर ले जाकर खिलाएं

अगर बच्चा घर में किसी भी तरह से नहीं खा रहा तो पार्क में ले जाकर खिलाने की कोशिश करें। खेलते-खेलते कई बार बच्चे हेल्दी फूड आसानी से खा लेते हैं।

# डाइजेशन से लेकर खूबसूरती बढ़ाने तक, चावल के पानी को इन तरीकों से करें इस्तेमाल, फायदे हैरानजनक

• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

HEALTH CARE

**चावल के पानी का इस्तेमाल जापान और कोरिया में स्किन को खूबसूरत बनाने के लिए किया जाता है। वहीं इंडिया में इसे सेहत को सही रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है।**



वेट लूज करना हो तो सबसे पहले लोग चावल खाना बंद कर देते हैं। जबकि पूरे एशिया में सबसे ज्यादा कंज्यूम चावल ही होता है। वहीं इसका इस्तेमाल ब्यूटी प्रोडक्ट के रूप में भी किया जाता है। खासतौर पर कोरिया और जापान की महिलाएं चावल के पानी का इस्तेमाल ग्लास जैसी चमकती स्किन के लिए करती हैं। अगर आप चावल के पानी को बेकार समझकर फेंक देती हैं तो इसके गुणकारी लाभ सुनकर हैरान हो जाएंगी। चावल का ये पानी पोषक तत्वों से भरपूर है। जिससे ना केवल एक्जिमा जैसी बीमारी में राहत मिलती है बल्कि खराब डाइजेशन को भी ठीक करता है। तो चलिए जानें चावल के पानी फायदे। जिसे जानने के बाद आप इसे फेंकना बंद कर देंगी।

चावल के पानी के फायदे

चावल को पकाने के बाद बचा पानी हो या फिर चावल धोकर भिगोने के बाद जो पानी बचता है। दोनों ही पानी काफी फायदेमंद होता है। इसमे अमीनो एसिड, विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। पके चावल से निकला पानी जिसे स्टार्च कहते हैं। काफी सारे मिनरल्स, विटामिन बी, सी से भरपूर होता है। जो बॉडी के लिए काफी फायदेमंद है।

## चावल के पानी के हेल्थ बेनिफिट्स

**डाइजेशन में करता है मदद**

डायरिया, फूड प्वाइजनिंग या दस्त आने की स्थिति में कई बार न्यूट्रीशनिस्ट चावल के पानी को पीने की सलाह देते हैं। ये पीने में हल्का होता है और पाचन क्रिया को सही करने का काम करता है। बच्चों को होने वाली दस्त में दादी-नानी के समय से ही चावल का स्टार्च देने की परंपरा रही है। इसमे मौजूद प्रोबायोटिक्स आंतों की सेहत को सही रखने में मदद करते हैं।

**एनर्जी ड्रिंक की तरह इस्तेमाल**

चावल के स्टार्च को कांजी भी कहते हैं। केरल और साउथ स्टेट में सुबह की शुरुआत चावल के पानी से करते हैं। ये मूड को सही करने के साथ ही एनर्जी लेवल को बढ़ाता है।

**गर्मियों में देता है हाइड्रेशन**

चिलचिलाती गर्मी की वजह से शरीर में पानी की कमी हो गई है तो चावल का पानी बेस्ट है। ये डिहाइड्रेशन का बेस्ट घरेलू उपाय है। जिससे एनर्जी मिलती है और बॉडी को लिक्विड भी। न्यूट्रशनिस्ट बताते हैं कि गर्मी की वजह से कमजोरी और सुस्ती छा रही हो तो चावल का एक गिलास पानी काफी राहत देगा।

**स्किन के लिए है बेहद फायदेमंद**

चावल के पानी का इस्तेमाल ब्यूटी प्रोडक्ट की तरह करना कोरिया और जापान में काफी फेमस है। वहीं अब इंडिया में इसे पीने के साथ ही स्किन और बालों पर इस्तेमाल किया जा रहा है। चावल के पानी से स्किन को ये फायदे होते हैं।

- चावल के पानी से स्किन क्लींज करने से स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग हो जाती है।
- डर्मेटोलॉजिस्ट के मुताबिक रोजाना करीब 1 महीना तक अगर चावल के पानी को स्किन पर लगाया जाए तो एग्जिमा की बीमारी में राहत मिलती है। एग्जिमा में डेड हो चुकी स्किन सेल्स को नई जान मिलती है। जिससे स्किन साफ और क्लियर हो जाती है।
- सन बर्न हो गया हो या स्किन में जलन हो रही हो. चावल का पानी बेहतरीन घरेलू नुस्खा है। जिसकी मदद से जलन से राहत मिलती है।
- रिसर्च के मुताबिक स्किन रैशेज पर चावल के पानी को लगाने से फायदा मिलता है।

# स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ के योगदान की सराहना की

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़




केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ भारती प्रवीण पवार ने आज पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ का दौरा किया और संस्थान में शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ बातचीत की। परिसर में उनकी यात्रा भारत में स्वास्थ्य देखभाल और स्वास्थ्य देखभाल शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

अपनी यात्रा के दौरान, डॉ. पवार ने पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में संकाय और कर्मचारियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया, जहां उन्होंने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया। उनकी चर्चाओं के बाद मीडिया से बातचीत हुई, जिसमें उन्होंने स्वास्थ्य सेवा में अनुसंधान और नवाचार के महत्व और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ जैसे संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डाला।

"मैं पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ में किए जा रहे काम और भारत में स्वास्थ्य शिक्षा और अनुसंधान को आगे बढ़ाने के लिए संकाय और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता से प्रभावित हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।" भारत के नागरिकों के लिए सेवाएं, और मुझे विश्वास है कि पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ जैसे संस्थान इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे," डॉ पवार ने कहा।

डॉ. पवार की पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ यात्रा कसौली की उनकी यात्रा के बाद हुई, जहां उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा की और केंद्रीय अनुसंधान संस्थान के 119वें वार्षिक दिवस का उद्घाटन किया।कसौली और पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ दोनों में डॉ पवार की यात्रा भारत में स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



अपनी व्यावहारिक चर्चाओं और उत्पादक बातचीत के साथ, डॉ पवार ने दोनों क्षेत्रों में अधिकारियों और कर्मचारियों को बहुमूल्य मार्गदर्शन और सहायता प्रदान की है।पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ की अपनी यात्रा के दौरान, डॉ पवार ने आशा व्यक्त की कि नए और आगामी उपग्रह केंद्र संस्थान पर बोझ को कम करने में मदद करेंगे, जो आउट पेशेंट विभाग में 10 लाख से अधिक रोगियों और विभिन्न आपातकालीन और इनपेशेंट विभागों में लगभग एक लाख रोगियों को सालाना पूरा करता है। उन्होंने पीजीआई पर अत्यधिक काम के बोझ को स्वीकार किया और भारत के नागरिकों को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

डॉ. पवार ने कहा, "उपग्रह केंद्रों की स्थापना से क्षेत्र के नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी और पीजीआई पर काम का बोझ भी कम होगा। हम इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।"

# प्रौद्योगिकी प्रेरित गवर्नेंस मोदी सरकार के 9 वर्षों की पहचान रही है : केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह





• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा तथा अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि प्रौद्योगिकी प्रेरित गवर्नेंस मोदी सरकार के 9 वर्षों की पहचान रही है।

मंत्री महोदय ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए मध्य-कैरियर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री ने 'मैक्सिमम गवर्नेंस, मिनिमम गवर्नमेंट' का मंत्र दिया और इस मंत्र को संभव बनाने के लिए उन्होंने प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग को लगातार आगे बढ़ाया।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने एक ओर स्व-प्रामाणिकरण या साक्षात्कारों को समाप्त करते हुए गवर्नेंस को आसान बनाकर जीवन को सहज बनाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर सरकार, अधिकारियों के लिए वातावरण को आसान बनाने या कार्य करने में सहजता का माहौल बनाने का भी प्रयास कर रही है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 का उल्लेख किया, जिसे मोदी सरकार ने 2018 में 30 साल बाद संशोधित किया। इसका उद्देश्य था कि रिश्वत लेने के अतिरिक्त रिश्वत देने के काम को भी अपराध घोषित किया जा सके और व्यक्तियों के साथ-साथ कॉर्पोरेट संस्थानों द्वारा किए गए इस तरह के कार्यों से निपटने के लिए एक प्रभावी निवारक व्यवस्था की जा सके। उन्होंने कहा कि इससे अधिकारियों के अनुचित उत्पीड़न से बचा जा सकता है।

इसी प्रकार, अधिकारियों को उनकी भूमिका के बारे में और अधिक आश्वस्त करने के लिए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि मिशन कर्मयोगी और आईजीओटी मंच प्रारंभ किया गया था, ताकि नया कार्यभार संभालने वाला कोई भी अधिकारी नए कार्यभार के लिए अपने भीतर अंतर्निहित क्षमता का निर्माण करने में सक्षम हो सके। इसके अतिरिक्त, पहली बार संबंधित कैडर में जाने से पहले सहायक सचिवों का 3 महीने का कार्यकाल प्रारंभ किया गया है। इस तरह, आपके पास केंद्र सरकार की प्राथमिकताओं को जानने तथा परामर्शदाताओं को तैयार करने का अवसर है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रौद्योगिकी प्रेरित गवर्नेंस की आगे की पहलों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आकांक्षी जिला इसी तरह का एक और प्रयोग था, जहां सरकार ने वैज्ञानिक आधार पर सूचकांक तय किए। हमारे पास एक डैशबोर्ड है जो वास्तविक समय में अद्यतन किया जाता है और निरंतर रूप से प्रतिस्पर्धा हो रही है और पूरी तरह उद्देश्यपूर्ण है।

एक और प्रमुख पहचान शिकायत निवारण है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के मानकों में शिकायत निवारण व्यवस्था एक है। जब हमने सीपीजीआरएएमएस लागू किया था, 2014 में हमारे पास प्रत्येक वर्ष देश भर में लगभग 2 लाख शिकायतें दर्ज की जा रही थीं, आज हमारे पास लगभग 20 लाख, 10 गुना अधिक हैं। यह शिकायत निवारण में लोगों के बढ़ते विश्वास का परिणाम है।

मंत्री महोदय ने कहा कि नागरिकों की भागीदारी पहले ही प्रारंभ हो चुकी है और इसका विशेष उदाहरण स्वामित्व योजना है। यह ड्रोन प्रौद्योगिकी के उपयोग से जमीन की मैपिंग करके और सम्पत्ति के मालिकों को कानूनी स्वामित्व कार्ड (सम्पत्ति कार्ड/अधिकार पत्र) जारी करने के साथ गांव के घरेलू मालिकों को 'अधिकारों का रिकॉर्ड' प्रदान करके ग्रामीण आबादी क्षेत्रों में सम्पत्ति के स्पष्ट स्वामित्व की स्थापना की दिशा में सुधार का कदम है।

मंत्री महोदय ने डिजिटल परिवर्तन की चर्चा करते हुए कहा कि ई-ऑफिस संस्करण 7.0 को फरवरी 2023 के अंत तक केंद्रीय सचिवालय के सभी 75 मंत्रालयों/विभागों में अपनाया गया है। यह सराहनीय उपलब्धि है कि केन्द्रीय सचिवालय में सभी फाइलों में 89.6 प्रतिशत को ई-फाईल के रूप में प्रोसेस किया जाता है।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अब आने वाले 25 वर्षों में चुनौती यह होगी कि प्रौद्योगिकी और मानव इंटरफ़ेस के बीच सर्वाधिक संतुलन कैसे बनाया जाए और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा ह्यूमन इंटेलिजेंस के बीच संतुलन कैसे बनाया जाए, ताकि दोनों को मिलाकर सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

मंत्री महोदय ने कहा कि इस सीमा तक अकादमी की एक महत्वपूर्ण भूमिका है क्योंकि इसके पास युवा अधिकारियों को प्रशिक्षित करने का अधिदेश है, जो अगले 25 वर्षों तक सक्रिय सेवा में रहेंगे और उन्हें 2047 में स्वतंत्रता के 100 वर्ष मनाने का अवसर मिलेगा, जब वे भारत सरकार में वरिष्ठ पदों पर होंगे। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (एलबीएसएनएए) के निदेशक श्री के. श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि अकादमी मिशन कर्मयोगी का अनुपालन करने वाली बन गई है।

# वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर सोहना में क्षत्रिय महाकुंभ का हुआ आयोजन, अनुराग ठाकुर रहे मुख्यातिथि

• **जालंधर ब्रीज.** नई दिल्ली



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत की भूमि वीरों व महापुरुषों की जननी है। यहां की संस्कृति व मान्यताओं में देश प्रेम सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि क्षत्रिय समाज ने हमेशा से देश के विकास के लिए कार्य किया है। केंद्रीय मंत्री ने क्षत्रिय को परिभाषित करते हुए पुराणों का जिक्र करते हुए कहा कि जो व्यक्ति समाज व देश की रक्षा का दायित्व ले वही क्षत्रिय है। केंद्रीय मंत्री रविवार को सोहना के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में आयोजित महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित क्षत्रिय महाकुंभ में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

केंद्रीय मंत्री ने समोराह को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार लगातार ये कोशिश कर रही है कि पूर्व में हमारी युवा पीढ़ी को जो गलत इतिहास पढ़ाया गया है, उसे दुरुस्त किया जाए। तमाम विरोध के बावजूद हमारे प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन करने वाली हमारी इतिहास की किताबो में अब देश के सच्चे शूरवीरों व अमर बलिदानियों को उनका उचित स्थान दिया जा रहा है। एनसीआरटी की किताबों में आपको ये बदलाव धीरे धीरे नजर आने लगेगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से इतिहास की किताबों में वास्तिवकता को स्थान दिया जा रहा है आने वाले समय मे हमारी युवा पीढ़ी पूर्व की सरकारों से यह सवाल जरूर करेंगी कि उन्हें गलत इतिहास क्यों पढ़ाया गया।

उन्होंने कहा कि आज देशवासियों को विभिन्न फिल्मों के माध्यम से इतिहास की सच्चाई से अवगत कराया जा रहा है और उन्हें पूरी आशा है भविष्य में महाराणा प्रताप की वीरता व मातृभूमि के प्रेम पर आधारित उनके स्वाभिमान से परिचय कराने वाली फिल्म भी बनेगी।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आज देश मे आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हमारे सभी भूले बिसरे वीर बलिदानियों को याद कर उन्हें उचित सम्मान दिया जा रहा है। वहीं प्रधानमंत्री के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत देशवासियों में देश प्रेम की एक नई लहर जागृत हुई है जो भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाने का प्रमुख माध्यम बनेगी। केंद्रीय मंत्री ने महाराणा प्रताप की वीरता का जिक्र करते हुए देश के युवाओं से आह्वान किया कि देश के युवाओं को उस वक्त के भारत के मैप को निकालकर देखना चाहिए कि कैसे मुगलों के दवाब में आधे से अधिक देश के राजाओं ने घुटने टेक दिए थे। उन्होंने कहा कि इतिहास के पन्नों को अगर पलटा जाए तो भारत के वीर सपूतों में महाराणा प्रताप का नाम शीर्ष पर मिलेगा। जिन्होंने अपने स्वाभिमान से कभी समझौता नही किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि महाराणा अकेले ऐसे विरले योद्धा थे जो स्वाभिमान व स्वाधीनता की लड़ाई में हर वैभव, हर सुख, हर सुविधा को त्याग कर सबको अपने साथ लेकर चले थे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि स्वाधीनता की लड़ाई में महाराणा प्रताप अकेले ऐसे योद्धा थे जिन्होंने देश व धर्म के लिए इतना लंबा संघर्ष किया। उन्होंने पन्नाधाय के बलिदान का जिक्र करते हुए कहा कि किसी भी देश के आजादी के इतिहास में इससे बड़ा बलिदान देखने को नहीं मिलता है। पन्नाधाय का मेवाड़ व देश प्रेम के लिए अपने बच्चे को कुर्बान कर देना हम भारतवासियों के लिए सदैव एक प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। केन्द्रीय राज्य मंत्री ने भामाशाह के योगदान का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनके लिए देश प्रथम था। ऐसे में हम सभी को उनसे प्रेरणा लेते हुए उनके पदचिन्हों का अनुसरण करना होगा। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व के अग्रणी देशों की पंक्ति में शामिल हो गया है। वहीं आने वाले समय में भारत विश्व की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से भी एक होगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारतीय जनता पार्टी के हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप ने शौर्य व बलिदान की जो अलग जगाई थी। वह सर्व समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप की वीर गाथाओं से अवगत कराना जरूरी है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि आज भारत के सच्चे वीरों की शौर्य गाथा व उनकी वीरता को सम्मान मिल रहा है. उन्होंने कहा कि यह वीरों की वीर गाथा को आगे बढ़ाने का समय है महाराणा प्रताप की जयंती इसका एक प्रमुख माध्यम है।

जन जागरण व देश प्रेम का यह जागरण यूं ही निरंतर चलते रहना चाहिए। कार्यक्रम में टोंक सवाई माधोपुर से लोकसभा सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया, सोहना के विधायक संजय सिंह, पृथला के विधायक नयनपाल रावत, जिला परिषद के पूर्व चैयरमेन कल्याण सिंह सहित आसपास के क्षेत्र से आए अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।

# रक्षा मंत्री ने चंडीगढ़ में भारतीय वायुसेना की विरासत और तकनीकी प्रगति दिखाने वाले हेरिटेज सेंटर का का उद्‌घाटन किया

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 8 मई, 2023 को चंडीगढ़ में भारतीय वायुसेना के विरासत (हेरिटेज सेंटर) केंद्र का उद्घाटन किया। भारतीय वायुसेना के समृद्ध इतिहास तथा विरासत का मूर्त रूप माने जाने वाले इस केंद्र में कलाकृतियों, भित्ति चित्रों तथा थ्रीडी डायोरमा का संग्रह है, जो वायुसेना की स्थापना के बाद से इसके विकास को दिखाता है। यह केंद्र भारतीय वायुसेना के वीरतापूर्ण कार्यों तथा विमान/उपकरण में देश की प्रगति को दिखाता है।

केंद्र के मुख्य आकर्षणों में से एक सिमुलेटरों की सरणी है, जो आगुंतकों को भारतीय वायुसेना की सूची में शामिल प्रतिष्ठित विमानों की उड़ानों के रोमांच को दोहराने की अनुमति देता है तथा उन्हें पायलट होने की अनुभूति करने का अवसर देता है। यह केंद्र अब जनता के लिए खोल दिया गया है। इसमें भारतीय वायुसेना द्वारा भाग लिए गए युद्ध अभियानों के समर्पित प्रांगण भी हैं। यह आगुंतकों को राष्ट्र की रक्षा में भारतीय वायुसेना द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानने का अनूठा अवसर प्रदान करते हैं।

रक्षा मंत्री ने उद्घाटन के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह विरासत केंद्र उन सभी के साहस और समर्पण का उदाहरण है जिन्होंने भारतीय वायुसेना में अपनी सेवा दी हैं, यह उनके बलिदान को श्रद्धांजलि तथा राष्ट्र की रक्षा में उनके अमूल्य योगदान की याद दिलाता है। उन्होंने 1948 के युद्ध, 1961 का गोवा मुक्ति संग्राम, 1962, 1965, 1971 तथा करगिल युद्धों में भारतीय वायुसेना के योगदान को याद किया जिसमें बल की शक्ति, प्रतिबद्धता और दक्षता को प्रदर्शित किया गया है। श्री राजनाथ सिंह ने 1971 के युद्ध के बारे में कहा कि युद्ध के दौरान सेना के तीनों अंगों द्वारा प्रदर्शित संयुक्त कौशल, एकीकरण और प्रतिबद्धता अभूतपूर्व और असाधारण थी।

उन्होंने कहा कि यह युद्ध किसी जमीन या शक्ति के लिए नहीं बल्कि मानवता और लोकतंत्र के लिए लड़ा गया था। उन्होंने कहा, ''यह इस बात का प्रमाण है कि भारत मानता है कि अन्याय कहीं भी हो, हर जगह न्याय के लिए खतरा है और किसी भी तरह के अन्याय के विरुद्ध खड़ा होना हमारा कर्तव्य है। अपनी रणनीतियों के बल पर युद्ध जीतना और वहां किसी भी तरह का राजनीतिक नियंत्रण नहीं थोपना, भारत की शक्ति के साथ-साथ इसके मूल्य और सांस्कृतिक उदारता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह केंद्र इस वीरता और प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब होगा।

रक्षा मंत्री ने कहा कि यह केंद्र आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा, ''वायुसेना की समृद्ध विरासत है और इसे संरक्षित रखना तथा उसका प्रदर्शन करना हमारा दायित्व है। यह केंद्र भारतीय वायुसेना के इतिहास को संरक्षित रखने और युवाओं को सशस्त्र बलों के मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित करने का महत्वपूर्ण साधन बनेगा।

इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित तथा वायुसेना प्रमुख, एयर चीफ मार्शल वी.आर चौधरी भी उपस्थित थे।



# उप-चुनाव ने साबित किया 2024 का लोकसभा चुनाव और कठिन होगा

## जालंधर लोकसभा उप-चुनाव 2023 : कौन होगा जनता का प्रतिनिधि, कल आएगा नतीजा

• **विशेष रिपोर्टर.** जालंधर

पंजाब में साल 2022 के विधान सभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी जोश देखा गया था। उनके द्वारा की गई वोटिंग द्वारा राज्य में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी और पार्टी के 92 विधायकों ने जीत दर्ज की थी। कुछ महीनों बाद संगरूर में हुए लोकसभा उप चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अब एक साल बाद जालंधर में चौधरी संतोख सिंह की मृत्यु के बाद उप-चुनाव करवाए गए। जहां अब मौजूदा सरकार द्वारा पंजाब में किए गए अपने एक साल के काम को गिनवाया गया, वहीं विपक्षी पार्टियों द्वारा साल भर में बिगड़ी कानून व्यवस्था को लेकर मौजूदा सरकार को घेरा गया।

जालंधर के इस उप-चुनाव में सारी पार्टियों के मुख्य नेताओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। जहां आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने आप प्रत्याशी सुशील रिंकू के हक़ में रोड शो निकाले, वहीं भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों ने भी जिले में कई जनसभाएं की और रोड शो भी निकाले गए। कांग्रेस पार्टी के पंजाब प्रधान राजा वड़िंग और नेता विपक्ष प्रताप सिंह बाजवा ने जालंधर की कमान संभाले रखी। वहीं, अकाली-बसपा की कमान पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने संभाले रखी। पिछले दिन हुए मतदान का नतीजा कल आने वाले है और जिस किसी पार्टी के नेता लोकसभा में पहुंचेंगे, उसे और बाकी हारे हुए प्रत्याशियों को अगले 9 महीने में जालंधर में लोगो को आ रही परेशानियों को हल करवाने के लिए मौजूदा या केंद्र सरकार के समक्ष जनता का प्रतिनीधि बनकर आवाज उठानी होगी। जालंधर में आदमपुर एयरपोर्ट का बंद होना, आदमपुर


इंदर इकबाल सिंह अटवाल (भाजपा)


सुशील कुमार रिंकू (आम आदमी पार्टी)


डॉ. सुखविंदर कुमार सुखी (शिअद)


कर्मजीत कौर चौधरी (कांग्रेस)

फ्लाईओवर का पिछले 7 साल से बन न पाना, स्मार्ट सिटी के कामों में हुई गड़बड़ियों के कारण शहर के हालात बदतर होना, वरियाणा स्थित सालिड वेस्ट मैनेजमैंट का हल ना होन, सेंट्रल हलके और शहरवासियों के लिए जालंधर से अमृतसर मार्ग के कट बंद होने के कारण रामा मंडी फ्लाईओवर के नीचे से घूम कर आना, जालंधर-कपूरथला मार्ग में बस्ती बावा खेल की नहर से लेकर वरियाणा तक सड़क को 2 से 4 लेन करवाना, बर्लटन पार्क में बनाने वाले स्पोर्ट्स हब को फिर से चालू करवाना और तमाम ऐसे कार्य जो इन सभी पार्टियों के नेताओं ने खुद यहाँ आकर देखे हैं, उन्हें अगले 9 महीनों में पूरा करवाना उन्हें अपनी पहले प्राथमिकता बनाना होगा। जिससे साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टियों द्वारा इन 9 महीनों में अपने किये गए कार्यो को गिनवाया जा सके। जनता का विश्वास भी उसी पार्टी के ऊपर हो जिन्होंने इस थोड़े समय में जालंधर के लिए कुछ करके दिखाया है, हालांकि राज्यसभा में जालंधर से 3 सांसदों के होने के बावजूद जिले में पिछले 1 साल में कई कार्य लम्बे समय से अधूरे पड़े हैं। अब आने वाले समय में देखना होगा कि किस पार्टी के प्रत्याशी द्वारा जालंधर जिले का प्रमुखता से विकास करवाया जाता है जिससे साल 2024 के चुनावों में वह जीतकर जनता के मुद्दे की आवाज अगले पांच साल के लिए उठा सके।

# बाजवा ने राज्यपाल से मिलकर कांग्रेस विधायक खैरा की सुरक्षा की मांग की

***सुखपाल सिंह खैरा को आप द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत निशाना बनाया जा रहा था क्योंकि वह आप सरकार के कड़े आलोचक थे : विपक्ष के नेता***

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़



पंजाब में विपक्ष के नेता ने गुरुवार को पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित से संपर्क कर कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा के जीवन की रक्षा के लिए उनके हस्तक्षेप की मांग की, जिन्हें पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के निर्देश पर कई आपराधिक मामलों में झूठा फंसाया जा रहा है। बाजवा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सुखपाल सिंह खैरा को आप सरकार एक सोची समझी राजनीतिक साजिश के तहत सिर्फ इसलिए निशाना बना रही है क्योंकि वह आप सरकार के कड़े आलोचक हैं। उन्होंने हाल ही में कैबिनेट मंत्री लाल चंद कटारूचक के यौन शोषण को सार्वजनिक किया था।

आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को इस मुद्दे का संज्ञान लेना चाहिए और कैबिनेट मंत्री के खिलाफ एसआईटी जांच जल्द से जल्द पूरी करनी चाहिए। मानसिक रूप से बीमार ऐसे मंत्री को कैबिनेट में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उन्हें तुरंत कैबिनेट से बर्खास्त किया जाना चाहिए और परिणामस्वरूप उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उसके खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि पीढ़ित ने वीडियो में दावा किया है कि यह घटना 2013 में हुई थी जब वह नाबालिग था।

विपक्ष के नेता ने कहा कि ऐसा ही एक और वीडियो सामने आया है जिसमें मोगा की विधायक डॉ. अमनदीप कौर के पीए द्वारा एक नाबालिग का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया गया था। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद आप और विधायक ने यह भी कहा कि उनका पीए से कोई संबंध नहीं है। इससे पहले जलालाबाद से आप विधायक जगदीप 'गोल्डी' कंबोज ने अपने पिता सुरिंदर कंबोज से संबंध तोड़ लिए थे। विधायक अमित रतन कोटफत्ता के पीऐ भी रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने पर उन्होंने पीए देने से नाता तोड़ लिआ था। इस बीच, मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि आप नेतृत्व हमेशा अपने ही लोगों से दूरी क्यों बनाता है जो अवैध गतिविधियों में लिप्त पकड़े जाते हैं।

# 'आप' विधायकों व नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग , भाजपा शिष्टमंडल ने चुनाव आयुक्त को दिया मांगपत्र

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

जालंधर लोकसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी के विधायकों व नेताओं द्वारा वोटिंग के दौरान चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित नियमों की सरेआम धज्जियां उड़ाए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी पंजाब के शिष्टमंडल ने आज चुनाव आयुक्त को मिलकर उन्हें विस्तृत जानकारी दी तथा आप के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए अपना मांगपत्र चुनाव आयुक्त को सौंपा। भाजपा के इस शिष्टमंडल में भाजपा प्रदेश महासचिव बिक्रमजीत सिंह चीमा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ, सुभाष शर्मा तथा पूर्व मंत्री केवल सिंह ढिल्लों शामिल थे। डॉ. सुभाष शर्मा ने इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि आप विधायकों व नेताओं ने कल जालंधर में मतदान वाले दिन चुनाव आयोग भारत सरकार के निर्धारित किए गए नियमों को




दरकिनार कर बूथों पर जा कर वोटरों को धमकाने और ख़रीदने का काम किया। इतना ही नहीं आप नेताओं द्वारा जानबूझ कर झगड़े तक किए गए, जिसके कई फोटोज भी विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स के माध्यम से वायरल भी हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने इस सब की शिकायत राष्ट्रीय चुनाव आयुक्त भारत सरकार को भी की है, लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इस संबंध में जालंधर के लोकल प्रशासन को भी शिकायतें की गई, लेकिन किसी ने भी आप सरकार के इन नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही नहीं की। जालंधर के प्रशासनिक अधिकारीयों से किसी कार्यवाही की उम्मीद करना भी बेमानी है।

डॉ. सुभाष शर्मा ने कहा कि इस सन्दर्भ में आज भाजपा शिष्टमंडल द्वारा चुनाव आयुक्त पंजाब को शिकायत करके आप विधायकों व नेताओं के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की गई है। शर्मा ने मांग की कि उपरोक्त आम आदमी पार्टी के विधायक एवं नेताओं व् कार्यकर्ताओं के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता उलंघन के चलते भारतीय दंड संहिता लोक अधिनियम, 1950 व अन्य प्रासंगिक अधिनियम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर इनके विरुद्ध बनती कानूनी कार्यवाही की जाए।

इन विधायकों की विधान सभा से सदस्यता रद्द की जाए, क्योंकि उपरोक्त सभी अवैध रूप से निर्वाचन क्षेत्र में रह रहे हैं और विभिन्न अवैध गतिविधियों में शामिल हैं। यह उपरोक्त सभी नेता व् कार्यकर्त्ता जालंधर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव कमिशन के कार्य में बाधा उत्पन्न कर निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संचालन करने में खलल डाल रहे हैं, इसलिए इन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए, इनकी विधानसभा की सदस्यता रद्द की जाए तथा वाहनों को जब्त किया जाए।

# खेती को लाभप्रद पेशा बनाना अनिवार्य : कृषि मंत्री धालीवाल

• **जालंधर ब्रीज.** लुधियाना

पीएयू में दूसरी सरकार किसान मिलनी करवाई गई। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की सरपरस्ती अधीन हुई इस मिलनी की अध्यक्षता कृषि, किसान कल्याण और प्रवासी मामलों के मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने की। पंजाब के पशु पालन मंत्री स. लालजीत सिंह भुल्लर इस समारोह में विशेष मेहमान के तौर पर शामिल थे।

पीएयू के वाइस चांसलर डॉ. सतबीर सिंह गोसल इस मिलनी में मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल थे। श्री सुमेर सिंह गुर्जर, प्रमुख सचिव कृषि, किसान कल्याण आयोग के चेयरमैन डॉ. सुखपाल सिंह, पनसीड के चेयरमैन महिन्दर सिंह सिद्धू, पंजाबी यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर बीएस घूम्मन, गडवासू के वाइस चांसलर डॉ. इन्दरजीत सिंह,



पूर्व निदेशक बाग़बानी डॉ. गुरकंवल सिंह विशेष तौर पर मौजूद रहे।

इस मिलनी का उद्देश्य आने वाले समय में कृषि नीति बनाने के लिए पंजाब के किसानों के साथ सलाह-परामर्श करना और उनकी राय को जानना था। इस मिलनी में पंजाब भर से हज़ारें की संख्या में किसान शामिल हुए। दर्जनों स्टॉलें और किसानों ने अपनी रूचि के अनुसार फ़सल की बिजाई और अन्य मुद्दों संबंधी माहिरों के साथ सलाह-परामर्श किया। कृषि मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने इस मौके पर बोलते हुए कहा कि इस मिलनी के दो उद्देश्य हैं। पहला रिवायती फ़सलीय चक्र में से किसानों को बाहर निकालने के लिए किसानों की राय और सुझावों को जानना और दूसरा इन सुझावों के आधार पर पंजाब की नई कृषि नीति को बनाना। कृषि मंत्री ने पिछले समय के दौरान मौजूदा सरकार द्वारा कृषि की बेहतरी के लिए की गई सभी कोशिशों का विशेष ज़िक्र किया।

# भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई



• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ में मुख्य महाप्रबंधक, रघुनाथ बी. और हरियाणा क्षेत्रीय कार्यालय की मुख्य महाप्रबंधक दीपा बी. गुहा की उपस्थिति में दिनांक 11 मई 2023 को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर का 132वां जयंती समारोह आयोजित किया गया। इस बैठक में एच.के. सबलानिया, महाप्रबंधक, डॉ. के.एस. माया देवी, महाप्रबंधक, आर पी सिंह, महाप्रबंधक और दोनों कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारीगण व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत में दीप प्रज्वलन और बाबा साहेब की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक, पंजाब क्षेत्रीय कार्यालय ने डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के बहुमुखी व्यक्तित्व के बारे में बताया। वह एक न्यायविद, समाज सुधारक, शिक्षाविद्, अर्थशास्त्री और एक राजनीतिक वैज्ञानिक भी थे। उनके विचारों को रेखांकित करने वाले कुछ मुख्य मूल्य तर्कवाद, राष्ट्रवाद और नायक-विरोधी पूजा हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम इन मूल्यों को अपने अंदर आत्मसात कर सकें तो यही बाबासाहेब को उचित श्रद्धांजलि होगी। मुख्य महाप्रबंधक हरियाणा क्षेत्रीय कार्यालय ने बताया कि बाबासाहेब डॉ. अम्बेडकर को कोलंबिया विश्वविद्यालय ने एल.एल.डी और उस्मानिया विश्वविद्यालय ने डी. लिट्. की मानद उपाधियों से सम्मानित किया था।

# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी

***हत्या के दोनों आरोपियों को किया गिरफ्तार, घटना में शामिल वाहन व मोबाइल भी बरामद***

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर



जिला पुलिस होशियारपुर ने माहिलपुर के नजदीक गांव भारतपुर जोगियां के जंगल में हुई एक व्यक्ति की नृशंस हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए उसे सुलझा लिया है। इस मामले में पुलिस की ओर से हत्या के दोनों आरोपियों को गिफ्तार कर घटना में शामिल बलैरो गाड़ी व मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है।

एस.एस.पी सरताज सिंह चाहल ने बताया कि 13 अप्रैल 2023 को माहिलपुर के नजदीकी गांव भारतपुर जोगियां के जंगलों में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसके दोनों हाथों की कलाई कटी हुई थी। इस संबंधी थाना माहिलपुर पुलिस ने गांव के सरपंच के बयानों के आधार पर 13 अप्रैल को ही धारा 302, 201, 34 आई.पी.सी के अंतर्गत मामला दर्ज कर इसकी गंभीरता से जांच शुरु कर दी। उन्होंने बताया कि एस.पी(जांच) सरबजीत सिंह बाहिया के नेतृत्व में डी.एस.पी गढ़शंकर दलजीत सिंह खख, थाना प्रभारी जसवंत सिंह की विशेष टीमें गठित कर सोशल मीडिया व प्रिंट मीडिया के माध्यम से अज्ञात शव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस की ओर से तकनीकी, खुफिया ढंग से इस पूरे मामले की जांच की गई व इस घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों हरपाल सिंह उर्फ पाला निवासी गंगो, नजदीक टीचर कालोनी सोबित यूनिवर्सिटी, जिला सहारनपुर(उत्तर प्रदेश) व कुंदन सिंह उर्फ मंगल निवासी गुरच्छपुर, थाना गंगो जिला सहारनपुर(उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया गया।

एस.एस.पी ने बताया कि हाल ही में 9 मई को गांव दुदरा, थाना गंगो, सहारनपुर(उत्तर प्रदेश) से जोगिंदर सिंह की ओर से पहचान की गई थी कि मृतक का नाम अमित कुमार है और वह उसका बेटा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जसवंत सिंह व जांच अधिकारी ए.एस.आई. गुरनेक सिंह के नेतृत्व में 12 सदस्यीय टीम को सहारनपुर भेजा गया, जिस दौरान पुलिस टीम की ओर से मामले की गहनता से जांच कर हत्या में शामिल दोनों आरोपियों हरपाल सिंह व कुंदन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

# आईसीसी रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर खिसका

**दुबई.** भारत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की गुरुवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में पाकिस्तान के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गया जबकि ऑस्ट्रेलिया पहले पायदान पर बरकरार है। रैंकिंग में वार्षिक अपडेट के बाद पांच बार के विश्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी रेटिंग में पांच अंक का सुधार किया। टीम के नाम अब 118 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 116 रेटिंग अंक के साथ दूसरे और भारत 115 रेटिंग अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। आईसीसी की विज्ञप्ति के मुताबिक, 'वार्षिक अपडेट से पहले ऑस्ट्रेलिया 113 अंक के साथ शीर्ष पर था और दशमलव के अंतर में भारत दूसरे स्थान पर था। पाकिस्तान 112 अंक के साथ तीसरे स्थान पर था लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ


फोटो- बीसीसीआई

पांच मैचों की श्रृंखला के चौथे एकदिवसीय में जीत के बाद वह कुछ समय के लिए शीर्ष पर पहुंचा था।'

पाकिस्तान अगर पांचवें एकदिवसीय मैच को जीत लेता तो वह तालिका में शीर्ष पर बरकरार रहता लेकिन न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले को जीत कर उसे सूपड़ा साफ करने से रोक दिया। आईसीसी की वार्षिक रैंकिंग में मई 2020 से पूरी हुई सभी एकदिवसीय श्रृंखलाओं को शामिल किया गया है। इसमें मई 2022 से पहले पूरी हुई श्रृंखलाओं के लिए 50 अंक प्रतिशत दिये गये हैं जबकि इसके बाद की सभी श्रृंखलाओं को 100 अंक प्रतिशत दिये गये हैं। आईसीसी ने कहा, 'इसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की इंग्लैंड के खिलाफ 0-4 की हार के अंक को इस रैंकिंग से हटा दिया गया जबकि 2021 में इसी टीम के खिलाफ मिली 0-3 की शिकस्त का 50 प्रतिशत रेटिंग अंक ही गणना में आया।'

भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 की हार का खामियाजा इस रैंकिंग में भुगतना पड़ा। न्यूजीलैंड (104) इस रैंकिंग में चौथे जबकि इंग्लैंड 10 रेटिंग अंक के नुकसान के साथ पांचवें स्थान पर है। उसके नाम 101 रेटिंग अंक है। अफगानिस्तान बड़ी छलांग लगाते हुए श्रीलंका (नौवा स्थान) और वेस्टइंडीज (10वां स्थान) को पछाड़ कर आठवें स्थान पर आ गया। दक्षिण अफ्रीका छठे और बांग्लादेश सातवें स्थान पर है।

# दिल्ली सरकार के हक के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला लोकतंत्र की जीत : मलविंदर कंग

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

दिल्ली की केजरीवाल सरकार और केंद्र सरकार के बीच अधिकारों को लेकर जारी खींचतान के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा आप सरकार के पक्ष में फैसला की आम आदमी पार्टी ने तारीफ की और इसे लोकतंत्र की जीत बताया। वीरवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 'आप' पंजाब के मुख्य प्रवक्ता मलविंदर सिंह कंग ने कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों में अधिकारियों की नियुक्ति और तबादलों सहित प्रशासनिक अधिकारों पर निर्णय लेने का अधिकार दिल्ली सरकार को लोकतंत्र की जीत है। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोकतंत्र को बचाने की आखिरी



उम्मीद सुप्रीम कोर्ट है क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार लगातार दिल्ली सहित देश के सभी राज्यों के अधिकारों को समाप्त कर अपनी तानाशाही स्थापित करने की कोशिश कर रही है। आज के फैसले ने इसे साबित कर दिया है कि सर्वोच्च न्यायालय किसी को भी संविधान की भावना से खिलवाड़ करने की अनुमति नहीं देगा। कंग ने कहा कि राज्यपाल और उपराज्यपाल के माध्यम से राज्यों की चुनी हुई सरकारों के काम में भाजपा का अनावश्यक हस्तक्षेप और लगातार राज्यों के अधिकारों को सीमित करना और उन्हें कमजोर करना देश के संघीय ढांचे के विपरीत है। भाजपा का यह रवैया किसी भी तरह से देश हित में नहीं है। दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार का जिक्र करते हुए कंग ने कहा कि दिल्ली की जनता ने दो बार प्रचंड बहुमत देकर केजरीवाल को अपना नेता चुना, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार ने उनके काम में दखल देना जारी रखा और एक अधिसूचना जारी कर अधिकारियों के तबादले का अधिकार छीन लिया। अरविंद केजरीवाल ने पिछले एक दशक से देश और दिल्ली की जनता के अधिकारों के लिए लंबी लड़ाई लड़ी और आज सुप्रीम कोर्ट ने भाजपा की तानाशाही पर करारा तमाचा लगाया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

• **जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

सीजेएम-कम- सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी अपराजिता जोशी ने बताया कि 13 मई 2013 को जिला होशियारपुर में 2023 की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथारिटी ने लोगों को अपील की कि वे अधिक से अधिक केस लोक अदालत में लगाएं क्योंकि इससे पैसे और समय की बचत भी होती है। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत में रखे गए मुकदमों और चालान की जानकारी https://www.highcourtchd.gov.in/3_pb/district/hoshiarpur/clc_dist.php लिंक से प्राप्त की जा सकती है।



Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.